संख्या-198/2016/1764/71-1-2016-जी-224/2016

प्रेषक

कुमुदलता श्रीवास्तव,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 19 सितम्बर, 2016

विषय:- वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज, सहारनपुर तथा अम्बेडकर नगर हेतु विभिन्न मानक मदों में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2016-17/236, दिनॉक 22-06-2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर में मानक मद-29-अनुरक्षण मद में रू0 7,25,00,000/- (रू0 सात करोड़ पच्चीस लाख मात्र) की बचत के सापेक्ष राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज हेतु मानक मद-42-अन्य व्यय में रू0 50,00,000/- (रू0 पचास लाख मात्र), राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर हेतु मानक मद-42-अन्य व्यय में रू0 1,00,00,000/- (रू0 एक करोड़ मात्र) तथा राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर हेतु मानक मद-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन में रू0 5,00,00,000/- (रू0 पॉच करोड़ मात्र) तथा मानक मद-42-अन्य व्यय में रू0 75,00,000/- (रू0 पचहत्तर लाख मात्र) कुल रू0 7,25,00,000/- (रू0 सात करोड़ पच्चीस लाख मात्र) पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना-03-शिक्षा-01-राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज-42-अन्य व्यय-04-मेडिकल कालेज, सहारनपुर-42-अन्य व्यय-05-मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा तथा संलग्न बी0एम0-9(1) के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में हो रही बचतों से वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-बी-2/583-दस-2016, दिनॉक 12 सितम्बर, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(कुमुदलता श्रीवास्तव)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

विशेष सचिव

संख्या:- 198/2016/1764(1)/71-1-2016 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज, सहारनपुर तथा अम्बेडकर नगर।
3- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कन्नौज, सहारनपुर तथा अम्बेडकर नगर।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज, सहारनपुर तथा अम्बेडकर नगर।
6- समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ।
7- नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।